# राजस्व पर्षद, बिहार।

सं.सं.- 1/18- 20/2014-

7.

प्रेषक,

नवीन कुमार सिंह,
उप सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांकः-........................

विषयः- राज्य के समाहरणालय एवं संलग्न कार्यालयों के आशुलिपिकों/ आशुटंककों की विभागीय परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि समाहरणालय एवं संलग्न कार्यालयों के आशुलिपिकों/ आशुटंककों की विभागीय परीक्षा के आयोजन में उत्पन्न कतिपय कठिनाईयों के निराकरण हेतु माननीय सदस्य, राजस्व पर्षद की अध्यक्षता में दिनांक- 25.08.2014 को आयोजित बैठक में निम्नांकित निर्णय लिए गये :-

(i) बिहार राज्य के समाहरणालय एवं इसके क्षेत्रीय स्थापना के आशुलिपिकों/ आशुटंककों की विभागीय परीक्षा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा निर्गत अधिसूचना सं०- 1002(4)/रा० दिनांकः- 09.10.2006 द्वारा संसूचित नियमावली के अनुसार ही ली जाएगी।

(ii) समाहरणालय एवं उसके क्षेत्रीय स्थापना के अन्तर्गत आने वाले कार्यालय समाहरणालय, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड एवं अंचल अधिकारी के कार्यालय है।

(iii) आशुलिपिकों एवं आशुटंककों से राजस्व पर्षद की केन्द्रीय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित होनेवाले विभागीय परीक्षाओं में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र समाहरणालय के संवर्ग नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से प्राप्त किये जायें ताकि असम्बद्ध कार्यालयों से आवेदन प्राप्त नहीं हो सके।

(iv) भविष्य में राजस्व पर्षद द्वारा आशुलिपिकों/ आशुटंककों की आयोजित होनेवाली विभागीय परीक्षाओं में उत्तीर्णांक वही रहेंगे, जैसा कि वर्ष 2006 की नियमावली में वर्णित है।

विश्वासभाजन

ह0/-

उप सचिव

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः- 1/18- 20/2014- ||

पटना, दिनांकः- 02-01-2015

प्रतिलिपिः- प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग/ प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/ सचिव (संसाधन) वित्त विभाग, बिहार, पटना/ अध्यक्ष-सह-सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/ सचिव के आप्त सचिव/ उप सचिव, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उप सचिव

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

D:\KRISHNA K R\D_S\File no_1_18_20_2014.doc